# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय

सिविल लाइन्स, गोरखपुर–273001

सम्बद्ध : दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

# दिगंत

**ई-पत्रिका:जनवरी-2023**




उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 'अ' श्रेणी में वर्गीकृत


**Website** : [www.dnpgcollege.edu.in](www.dnpgcollege.edu.in)  **Helpline Email** : [dnpgonline@gmail.com](mailto:dnpgonline@gmail.com)

**Office Email** : [dnpggkp@gmail.com](mailto:dnpggkp@gmail.com)  **Contact Number** : 0551-2334549


For Social App links (Click one icon) :



# दिगंत-ई-पत्रिका:जनवरी-2023

## संरक्षक मण्डल



**परमपूज्य गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ जी महाराज**

## मुख्य संरक्षक



**प्रो.उदय प्रताप सिंह**

**अध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर**



**श्री प्रमोद कुमार चौधरी**

**उपाध्यक्ष, महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद, गोरखपुर**

## सम्पादक मण्डल



**प्रो. ओम प्रकाश सिंह,प्राचार्य**

## प्रधान सम्पादक

1. **डॉ. सुभाष चन्द्र,** सहायक आचार्य, बी.एड. विभाग 
2. **डॉ. विभा सिंह,** सहायक आचार्य, हिन्दी विभाग 
3. **डॉ. प्रियंका सिंह,** सहायक आचार्य, राजनीति विज्ञान विभाग 
4. **श्री अश्वनी कुमार श्रीवास्तव,** तकनीकी सहायक 



January-2023

# कार्यक्रम विवरण-



| क्र.सं. | दिनांक एवं दिन | विभाग का नाम | कार्यक्रम का नाम | पेज नं. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 08.01.2023 | महाविद्यालय | जी–20 सम्मेलन में होने वाले प्रस्तुतीकरण | 1 |
| 2. | 23.01.2023 | बी.एड. विभाग | शिक्षक–शिक्षा विभाग में सुभाष चन्द्र बोस जयंती एवं देश भक्ति गीत तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन | 2 |
| 3. | 25.01.2023 | बी.एड. विभाग | मतदाता जागरूकता रैली | 3 |
| 4. | 26.01.2023 | महाविद्यालय | गणतंत्र दिवस | 4 |
| 5. | 28.01.2023 | कम्प्यूटर विज्ञान विभाग | एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन | 5 |



January-2023



# जी-२० सम्मेलन में होने वाले प्रस्तुतीकरण हेतु स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना



**दिनांक 08.01.2023 फरवरी माह, 2023 में प्रस्तावित जी–20 सम्मेलन में होने वाले प्रस्तुतीकरण हेतु स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना** के अन्तर्गत इन्फोसिस स्प्रिंग बोर्ड प्लेटफॉर्म पर प्रशिक्षण कार्यक्रम में चयनित 05 छात्र/छात्राएँ व 02 शिक्षक 10 जनवरी से 12 जनवरी तक प्रशिक्षण हेतु डॉ. नितीश शुक्ल, नोडल अधिकारी इन्फोसिस के नेतृत्व में 09 जनवरी को लखनऊ जाएँगें।

**महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने प्रशिक्षण हेतु जा रही टीम को बधाई देते हुए कहा कि** जी–20 की अध्यक्षता भारत को मिलना बहुत ही गर्व का विषय है। जी–20 सम्मेलन में प्रस्तावित इन्फोसिस स्प्रिंग बोर्ड योजना की प्रस्तुतीकरण हेतु प्रदेश भर से 08 शिक्षण संस्थाओं का चयन हुआ है, जिसमें गोरखपुर जनपद से दिग्विजयनाथ स्नाकोत्तर महाविद्यालय की प्रतिभागिता महाविद्यालय सहित गोरखपुर मण्डल के लिए हर्ष व गौरव का विषय है।

**इसी क्रम में अपर जिला अधिकारी प्रशासन श्री पुरूषोत्तम दास गुप्ता जी और ई–डिस्ट्रिक्ट मैनेजर श्री नीरज श्रीवास्तव जी ने भी प्रशिक्षण के लिए जा रही टीम को अपनी बधाई दी।**

**प्रशिक्षण में जा रही टीम का विवरण-**

| | | |
|---|---|---|
| डॉ. नितीश शुक्ल | – | नोडल अधिकारी इन्फोसिस |
| डॉ. सुभाष चन्द्र | – | असिस्टेंट प्रोफेसर |





January-2023

| | | |
|---|---|---|
| प्रवीन कुमार शुक्ल | – | छात्र (बी.सी.ए.) |
| तान्या श्री | – | छात्रा (बी.सी.ए.) |
| कृति पाण्डेय | – | छात्रा (बी.एस.सी) |
| शाम्भवी सिंह | – | छात्रा (एम.काम.) |
| आकृति राय | – | छात्रा (बी.सी.ए.) |

## शिक्षक-शिक्षा विभाग में सुभाष चन्द्र बोस जयंती एवं देश भक्ति गीत तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन



**दिनांक 23.01.2023 को महाविद्यालय के शिक्षक–शिक्षा विभाग में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 127 वीं जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया।** इस अवसर पर देशभक्ति गीत एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभाग के सभी प्रतिभागियों ने नेताजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्त्व पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों का निर्धारण निर्णायक मण्डल के सदस्यों एवं तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं द्वारा किया गया जिसमे देशभक्ति गीत में प्रथम स्थान विशाल, द्वितीय स्थान रोहित एवं तृतीय स्थान कुशलपाल यादव तथा सांत्वना पुरस्कार मानसी श्रीवास्तव को दिया गया। भाषण प्रतियोगिता में प्रतिभा ,विमला एवं देवेंद्र ने क्रमशः प्रथम ,द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया तथा सांत्वना पुरस्कार मुकेश कुमार यादव को दिया गया।

January 2023





# राष्ट्रीय मतदाता दिवस







दिनाँक 25–01–2023 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में बी.एड. विभाग द्वारा सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया जिसमें विभाग के प्रशिक्षु नीतीश कुमार सिंह द्वारा सर्वप्रथम सभी प्रशिक्षुओं को 'मतदाता शपथ' दिलायी गयी तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य श्री ओमप्रकाश सिंह जी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह दिवस मतदान में अभिवृद्धि और मतदाताओं को जागरूक करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में वर्ष 2011 से प्रतिवर्ष मनाया जा रहा है। हम सौभाग्यशाली है कि हम विश्व के वृहत्तम लोकतंत्र के भागीदार हैं। मतदाता जागरूकता रैली के तहत सभी प्रशिक्षुओं ने आकर्षक पोस्टर, बैनर के साथ 'लोकतंत्र की यही पहचान, हर मतदाता करे मतदान' वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है, जैसे नारों के साथ समाज को मतदान करने हेतु जागरूक किया। रैली महाविद्यालय के पश्चिमी परिसर से निकली गई। जो इंदिरा बाल विहार , इंदिरा चौक, कचहरी चौराहा से होते हुए गुजरी।

इस अवसर पर बी.एड.विभाग के समस्त प्रशिक्षुओं सहित विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) अरुण तिवारी, प्रो. (डॉ.) गीता सिंह, प्रो. (डॉ.) शुभ्रा श्रीवास्तव, श्री राकेश कुमार सिंह, श्री प्रदीप कुमार यादव, श्रीमती शालिनी पारीक एवं अन्य प्राध्यापकगण मौजूद रहें।।

January 2023





# गणतंत्र दिवस एवं बंसत पंचमी पूजन



**दिनांक 26.01.2023 को महाविद्यालय में 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर** प्राचार्य **प्रो. ओमप्रकाश सिंह द्वारा झंडा रोहण किया गया,** तत्पश्चात **प्रो. परीक्षित सिंह द्वारा उच्च शिक्षा निदेशक के पत्र का वाचन करते** हुए उच्चशिक्षा के उद्देश्य, शिक्षा में नवाचार तथा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की बात कही।



**महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि 74वां गणतंत्र दिवस** हम सभी देशवासियों को अपने अधिकारो के साथ–साथ एक नागरिक के रूप में दायित्वों को लेकर भी सजग–सचेत रहने की अपेक्षा करता है। **इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन प्रो. धीरेन्द्र सिंह ने किया। उक्त अवसर पर प्रो. शशि प्रभा सिंह, प्रो. अर्चना सिह, डॉ. सुभाष चन्द्र, डॉ. नितीश शुक्ला ने भी उद्बोधन दिया। सभागार में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहें।**

बसंत पंचमी के पावन अवसर पर बी.एड. विभाग के छात्र/छात्राओं द्वारा बसन्त पंचमी पूजन सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।





# एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन






दिनांक 28.01.2023 को महाविद्यालय के गोरखनाथ साहित्यिक केंद्र में नैक मूल्यांकन पर आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका विषय था 'राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन' के अवसर पर डॉ. पवन कुमार पाण्डेय, कम्प्यूटर विभाग ने कहा की नैक मूल्यांकन आज उच्च शिक्षण संस्थानों के उत्कृष्टता के अवलोकन की पारदर्शी एवं निष्पक्ष प्रक्रिया है। डॉ. पाण्डेय ने नैक से संबंधित निम्नांकित बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा किया।

कार्यशाला के अंत में डॉ. पाण्डेय ने कहा कि सभी संस्थाएं पाठ्यक्रम, अध्ययन–अध्यापन तथा मूल्यांकन, शोध, नवाचार तथा विस्तार, मूलभूत सुविधाएँ एवं अध्ययन के संसाधन, छात्र सहयोग तथा विकास, संचालन, नेतृत्व एवं प्रबंधन और संस्थानिक मूल्य और सर्वश्रेष्ठ परंपराओं पर कार्य तो करती हैं। परंतु मूल्यांकन के दौरान संस्थाएं अपना पक्ष प्रमाणित ढंग से नहीं रख पाती हैं और इसी कारण से उन्हें बेहतर ग्रेड प्राप्त नहीं हो पाता है। इसीलिए संस्थाओं को उपर्युक्त पहलुओं पर कार्य करने के साथ ही उसकी प्रमाणिकता का संकलन भी आवश्यक है। कुछ लोग नैक प्रक्रिया को जाने बगैर ही अपना मत प्रकट करते हैं और इस पारदर्शी प्रक्रिया पर सवाल उठाते हैं जो उचित नहीं हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरिशंकर गुप्ता ने किया। इस अवसर महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

January-2023



